मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **05.01.2020**

मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची

विज्ञप्ति संख्या- 017/2020

05 जनवरी, 2020

राजभवन, दुमका

===================

★जल्द ही राज्य में ट्राइबल यूनिवर्सिटी खोलने की पहल होगी

★हमारी सरकार स्वच्छ और पारदर्शी शासन व्यवस्था देगी

★पूरे मान सम्मान के साथ अपने कर्म भूमि की सेवा करूँगा।आगे बढ़ाऊँगा

-- हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

====================

राजभवन दुमका

राजभवन दुमका में मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने समाज के प्रबुद्ध नागरिकगण एवं मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने सबको नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके विश्वास को टूटने नहीं दूंगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार उपराजधानी आया हूं। यह हमारी कर्मभूमि है मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि अपने कर्मभूमि की सेवा पूरे मान सम्मान के साथ करूंगा। अपने माता पिता की तरह इस कर्मभूमि की मैं सेवा करूंगा। उन्होंने कहा कि आप सभी के पास कई बातें हैं। आपकी कई इच्छाएं हैं लेकिन इस इस मुलाकात अवधि में सारी बातें नहीं हो सकती हैं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपकी सभी बातों को सरकार सुनेगी तथा आपकी परेशानियों को दूर करने का कार्य करेगी।

बुके की जगह बुक देकर स्वागत करने की परंपरा शुरू की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी से मैंने अपील किया है कि बुके की जगह बुक देकर स्वागत करने की परंपरा शुरू की जाए। आप सभी ने इसका समर्थन किया है मैं तहे दिल से आप सभी को शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जो भी पुस्तक आप भेंट करते हैं उसने अपने नाम के साथ दो लाइन अवश्य लिखें ताकि उस पुस्तक को पढ़ने वाले को आपके भी बारे में पता चल सके। इन सभी किताबों के लिए एक पुस्तकालय खोलने की मेरी इच्छा है। कई लोगों ने पुराने किताबों को भी भेंट स्वरूप देने की इच्छा ज़ाहिर की है। कई लोग पैसे के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पाते पुस्तक नहीं खरीद पाते वैसे लोगों के लिए यह पुस्तकालय काफी हितकारी साबित होगा।

किसानों का विशेष ख्याल सरकार रखेगी...

किसानों का विशेष ख्याल सरकार रखेगी। हरी सब्जियों को रखने की बेहतर व्यवस्था होगी ताकि किसानों को सब्जियां औने पौने दाम पर नहीं बेचना पड़े। हरी सब्जियों को रखने की बेहतर व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को बहुत ही कम कीमत पर अपनी सब्जियां बेचने पड़ती है।

शिक्षा, स्वास्थ, नारी सशक्तिकरणपर पर विशेष कार्य किया जाएगा...

शिक्षा, स्वास्थ, नारी सशक्तिकरणपर पर विशेष कार्य किया जाएगा। सरकार बहुत जल्द इन सभी क्षेत्रों में कार्य करना प्रारंभ कर देगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द केंद्र सरकार मानव संसाधन से राज्य में ट्राइबल यूनिवर्सिटी खोलने की मांग रखूंगा।

राज्य को विकास के पथ पर ले जाने के लिए सरकार को आम जन का सहयोग मिलेगा...

राज्य को विकास के पथ पर ले जाने के लिए सरकार को आम जन का सहयोग मिलेगा। सभी वर्ग मिलकर राज्य को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के संबंध में कहा कि हमारे पिछले कार्यकाल में भी सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए योजना प्रारंभ की गई थी। पत्रकार भी पहले एक नागरिक हैं उसे बाद ही वे पत्रकार हैं। सरकार को समाज के हर वर्ग की चिंता है। हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनायी जाएंगी।

भ्रष्टाचार से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं...

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार स्वच्छ और पारदर्शी शासन व्यवस्था देगी। भ्रष्टाचार से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पंचायत , प्रखंड, जिला से लेकर राज्य तक कहीं भी भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार की तीसरी आंख हर गतिविधि पर नज़र रखेगी।भ्रष्टाचार करने वाले लोगों को सरकार जेल का रास्ता दिखाएगी।

मुख्यमंत्री ने दुमका के पगला बाबा मंदिर एवं दिशोम मांझी थान में पूजा अर्चना की

मुख्यमंत्री ने आज अहले सुबह दुमका के पगला बाबा मंदिर एवं दिशोम मांझी थान में विधिवत रूप से पूजा अर्चना की एवं प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की।

###

================

#TeamPRD(CMO/Dumka)